# लखनऊ पुस्तक मेले में कामयाबी की राह दिखा रहीं किताबें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नये दौर की मोटीवेशनल किताबें अब केवल उपदेश, किस्से कहानियां या मनोविज्ञान तक ही सीमित नहीं रह गयीं, नये लेखकों ने न्यूरो साइंस की बारीकियां भी उनके भीतर उड़ेल दी हैं। रवीन्द्रालय चारबाग लान में नौ मार्च तक चलने वाले लखनऊ पुस्तक मेले के स्टालों पर ऐसी ही किताबों का जखीरा है। मेले में प्रवेश निःशुल्क है। सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक जारी मेले में हर किताब पर न्यूनतम 10 प्रतिशत और कहीं-कहीं इससे ज्यादा छूट मिल रही है।

- **सब गोलमाल है ने किया लोटपोट, लगा स्वास्थ्य शिविर**

आपाधापी भरी आज की तनाव भरी जिंदगी में प्रेरक किताबें व्यक्ति में नयी ऊर्जा भरती हैं। जिससे आप अपनी जीवंतता में सुधार ला सकें, सुकून हासिल कर सकें और खुद पर भरोसे भरी आजादी के साथ समाज में योगदान और सफलता के कीर्तिमान रच सकें। मेले में नेपोलियन हिल की सफलता की सीढ़ियां, मधुर जाकिर हल्लेगुआ की 100 प्रेरक देसी कहानियां, राबिन शर्मा की 5 एएम क्लब, दैनिक प्रेरणा, दि एवरी डे हीरो और मुट्ठी में तकदीर, जैन येगर की हाउ टू फिनिश एवरीथिंग, ब्रायन ट्रेसी की समय को साधें, अवि योरिश की नेक्स्ट, शिव खेड़ा की जीत आपकी और सुहानी शाह की जानिये जैसी किताबें जयको पब्लिशिंग, दिव्यांश पब्लिकेशंस, पद्म बुक, रितेश बुक, बीइंग बुकिश, याशिका, एंजेल बुक, नवपल्लव बुक, त्रिदेव बुक्स, अदित्रि बुक सहित अन्य स्टालों पर हैं। सफलता के सूत्र गढ़ने में इन किताबों में न्यूरोसाइंस पर आधारित तकनीकें हैं, ताकि पाठक अपनी मुश्किलों को जीत में, डर को एक तरह से ईंधन में और अतीत के घावों को रोजाना की हिम्मत







में तब्दील कर सकें। फोर्स वन बुक्स के साथ यूपीएमआरसी लखनऊ मेट्रो, रेडियो सिटी, ओरिजिंस, विजय स्टूडियो, ज्वाइन हैण्ड्स फाउण्डेशन, लोकआंगन, विश्वम फाउंडेशन, समग्र एंटरप्राइजेज, पृथ्वी इनोवेशन, किरन फाउंडेशन, सिटी एसेंस, ट्रेड मित्र, प्लांटिलो आदि के सहयोग से हो रहे मेले में आज एमिटी यूनिवर्सिटी की ओर से मानसिक स्वास्थ्य पर सहायक प्रोफेसर अंशुमा दुबे के मार्गदर्शन में शिविर लगाया गया। इसमें चिंता, तनाव, सिजोफ्रेनिया जैसे विषयों पर क्लीनिकल साइकोलॉजी विभाग के छात्र-छात्राओं ने पुस्तक प्रेमियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

**सब गोलमाल है ने खूब हंसाया** :ज्वॉइन हैण्डस फाउण्डेशन और लोकआंगन के तत्वावधान में चल रहे नृत्य नाट्य संगीत उत्सव में राजकुमार अनिल के लिखे और नितेश कुमार के निर्देशन में मंचित हास्य नाटक ‌सब गोलमाल है‌ ने सबको खूब हंसाया। ये प्रस्तुति नाट्यशाला फाउंडेशन व ओमश्री गणपति सेवा सामाजिक संस्था की थी।सहज हास्य से भरपूर इस नाटक में लालच न करने का संदेश छुपा है। शुरूआत में सेठजी के घर में उनकी बेटी अकेले रहती है। पैसों का हिसाब किताब, घर और बेटी के देखभाल के लिए मुंशी रामजी को रखा है। छटंकी उनके घर का मस्त मौला नौकर है। वह घर अपना समझता है इसलिए सेठजी और राम जी सहित सबसे ऊंची आवाज में बात कर लेता है?। पड़ोसी प्रेम कुमार जो है वह सेठजी की लड़की यानी प्रिया से बहुत प्यार करता है और शायरियां लिखता रहता है, लेकिन सेठजी अपने एक सड़क दुर्घटना में स्वर्गवासी दोस्त दीनानाथ के इकलौते बेटे मलय कुमार से बेटी की शादी कराना चाहते हैं। स्वार्थी मुंशी रामजी लालच में नकली मलय कुमार बनाकर मुकेश को पेश कर देते हैं कि मुकेश से शादी हो जाए और प्रॉपर्टी मेरे हाथ लग जाए। मुकेश गरीब आर्टिस्ट है। तभी असली मलय कुमार वहां उपस्थित होता है। दिलचस्प हालात में परिस्थितिजन्य हास्य पैदा होता है जो दर्शकों को गुदगुदाता है। अंत में पूरी सच्चाई सबके सामने आती है। नाटक में मंच पर पहले मलय कुमार की भूमिका में आरुष जयशंकर व दूसरे मलय कुमार की भूमिका में नितेश कुमार के साथ सेठजी- सुरेश श्रीवास्तव, मुंशी रामजी- राजवीर गॉड, नौकर- कृष्ण कुमार पांडे, कवि प्रेमकुमार- शक्ति वर्मा और प्रिया के रूप में कनिष्का उतरीं। मंच के पीछे के कार्यों में कलाकारों के साथ कोरियोग्राफी व ड्रेस शिखा शाह की और ध्वनि प्रभाव हिमेश कश्यप के रहे।

# बैले नृत्य से कथक को नई पहचान मिली : पूर्णिमा पाण्डेय

**लखनऊ।** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर मांडवी सिंह जी की परिकल्पना के अनुसार, अंतराष्ट्रीय दो दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें विश्व विख्यात सभी कलाकार सम्मिलित हुए। वेबिनार का विषय ‍कथक नृत्य के शिक्षण और प्रस्तुतीकरण का विकास वैश्वीकरण के संदर्भ में‍ रहा जिस पर विश्व स्तरीय कलाकारों के अनुभव और विचारों को सुनने का सौभाग्य मिला।



सर्वप्रथम वेबिनार की संयोजक डॉ ज्ञानेंद्र दत्त बाजपेई एवं डॉ रुचि खरे जी द्वारा सभी कलाकारों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रोफेसर मांडवी सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में अपनी बात रखी जिसमें उन्होंने शिक्षण और प्रस्तुतिकरण दो मुख्य बिंदुओं पर केंद्रित होते हुए पंडित बिरजू महाराज जी द्वारा कथक नृत्य के वैश्वीकरण में योगदान को प्रकाशित किया, साथ ही कथक नृत्य की शिक्षा में शैक्षणिक संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान पर तथ्यों को उजागर किया। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र के वक्ता विदुषी पूर्णिमा पाण्डेय जी लखनऊ से सम्मिलित हुई, जिन्होंने भारत देश की पहचान संगीत से बताई, बैले नृत्य से कथक नृत्य को नई पहचान मिली, विष्णु दिगम्बर पलुस्कर जी ओर विष्णु नारायण भातखंडे जी का योगदान जहां पर आज भी कथक नृत्य की शिक्षा प्रदान की जा रही है, पंडित बिरजू महाराज जी का योगदान, कथक नृत्य के वैश्वीकरण में ‍‍‍का योगदान, पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रथम सत्र के दूसरे वक्ता पंडित राजेंद्र गंगानी जी दिल्ली से सम्मिलित हुए जिन्होंने गोपी किशन जी, पंडित दुर्गलाल जी, विदुषी कुमुदिनी लखिया जी, सितारा देवी जी, रोशन कुमारी जी, का कथक नृत्य के वैश्वीकरण में योगदान की बात की तत्पश्चात कलाकार तैयार करने में परिवर्तन, विदेशों में हो रहा खटक नृत्य की शिक्षा, वर्तमान समय में ग्रुप डांस का प्रचलन, युवा कलाकारों को देखिया, सिख्या, परखया की बात कही और अंत में ‍गुरु ही संस्था है संस्था ही गुरु हैं‍ से शब्दों को विराम दिया। प्रथम सत्र में विदुषी कुमकुंधर जी लखनऊ से अध्यक्ष की भूमिका में उपस्थित रही। प्रथम सत्र के अंतिम चरण में प्रश्न उत्तर सत्र से विश्वविद्यालय के शोधार्थी एवं विद्यार्थी लाभान्वित हुए। प्रथम दिवस के दूसरे सत्र की अध्यक्षता में विदुषी पूर्णिमा पाण्डेय जी उपस्थित रही। दूसरे सत्र की प्रथम वक्ता विदुषी कुमकुम धर रही जिन्होंने वैश्वीकरण से आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संबंध मजबूत हुए जिससे सांस्कृतिक आदान प्रदान को बढ़ावा मिला, वैश्वीकरण ने कथक की प्रस्तुतियों को समृद्ध किया है।

# सुरभि कन्या शक्ति सम्मान से नवाजी गईं हुनरमंद बेटियां

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेहनत और बुद्धिमता से दम भरते हुए समाज के सामने एक अलग मिसाल कायम करने वाली हुनरमंद बेटियों को सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा रवींद्रालय चारबाग में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में सुरभि कन्या शक्ति सम्मान से अलंकृत किया गया।

- **पुस्तक मेले में 15 हुनरमंद बेटियों को मिला सम्मान**




जिसमें कवयित्री अर्चना सिंह के कुशल मंच संचालन में हुए कार्यक्रम में कवयित्री - स्वरा त्रिपाठी, रंगकर्मी / टी वी कलाकार- दुआ फातिमा , सिया सिंह, मॉडल - अंशिका राय, एन सी सी कैडेट-मन्नत अशरफ शेख , तैराक खिलाड़ी - जन्नत अशरफ शेख, चित्रकार -इवलीन कौर , गौरैया रक्षक - अर्शजोत कौर, कथक नृत्यांगना - शिक्षा अग्रवाल, आराध्या दूबे, गनीव सलूजा , अनाया गौतम ,काशवी शर्मा, खुशप्रीत कौर, कृतिका सिंह चौहान आदी 15 होनहार बेटियों को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर मुख्य अतिथि वरिष्ठ रचनाकार/ समाजसेवी पायल सोनी ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी कार्य करने को जिजीविषा बहुत कम लोगो में देखने को मिलती है। जीवन के प्रति यह अटूट संकल्प ही हमें आगे बढ़ने कि प्रेरणा देता है। ऐसे ही प्रेरणादायक व्यक्तित्व है , शैलेंद्र गम्भीर जो गंभीर बीमारी से जूझते हुए भी समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रहें हैं । विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ रचनाकार संजय मल्होत्रा हमनवा कहा कि संस्था बाल प्रतिभाओं की प्रति कितनी समर्पित है, शैलेंद्र सक्सेना ने अपने खून पसीने से सीच कर दिखाया है।

,कार्यक्रम में बच्चों की मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां भी हुई जिसमें शिक्षा अग्रवाल, आराध्या दूबे ने.. एकदंताय वक्रतुंडाय, स्वरा त्रिपाठी ने .. जय भारती , बन्दे भारती, जन्नत अशरफ शेख ने.. में सोना हूं मिट्टी नहीं ,काशवी शर्मा ने .. स्त्री शक्ति प्रस्तुतियों से सभी का मन मोहा । संस्था सचिव शैलेंद्र सक्सेना के संयोजन में हुए कार्यक्रम में सांस्कृतिक कर्मी ज्योति किरन रतन , प्रधानाध्यापिका शगुफ्ता इकबाल, ममता सक्सेना, स्नेहा सोनी ने सभी बच्चों उज्ज्वल भविष्य ओर होली सर्व की शुभकामनाएं दी।

# रेलकर्मियों को टी.बी. हारेगा, देश जीतेगा थीम पर शपथ दिलाई गयी

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/बादशाहनगर सुरेन्द्रनाथ के नेतृत्व में मण्डल चिकित्सालय/बादशाहनगर के रेलवे चिकित्सकों की उपस्थिति में क्षय रोग-मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत 100 दिवसीय सघन राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में जनजागरूकता कार्यक्रम तथा एक मल्टी सुपर स्पेस्लिस्ट हेल्थ जॉच शिविर का आयोजन पलियाकलॉ रेलवे स्टेशन पर किया गया।



इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/बादशाहनगर सुरेन्द्रनाथ द्वारा रेलकर्मियों को टी.बी. हारेगा, देश जीतेगा थीम पर शपथ दिलाई गयी। इस दौरान उन्होनें वहॉ उपस्थित लोगो को जागरूक करते हुए क्षय रोग के लक्षणों एवं केन्द्र/राज्य सरकारों द्वारा क्षय रोगी को दी जाने वाली चिकित्सीय सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से क्षय रोग के मामलों का पता लगाने, निदान में होने वाली देरी को कम करने और उपचार के परिणामों को बेहतर बनाते हुए क्षय रोग के खिलाफ लड़ाई को तेज करना हैं, ताकि हम सभी एक स्वस्थ और क्षय-मुक्त समाज बना सकें।

इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सुरेन्द्रनाथ एवं रेलवे चिकित्सकों द्वारा मल्टी सुपर स्पेस्लिस्ट हेल्थ जॉच शिविर में 41 रेलकर्मी एवं उनके परिवारिजनों की जॉच की गयी एवं सभी को चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा पलियाकला रेलवे कालोनी में साफ-सफाई व सेनेटाईजेशन का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित निरंतर साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# रंगी सारी गुलाबी चुनरियां ... पर दी कथक की मनमोहक प्रस्तुति

**लखनऊ।** स्वर इण्डिया एसोसिएशन लखनऊ द्वारा संगीत लोक कला उत्सव एवं कार्यशाला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, विपिन खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ में किया गया मुख्य अतिथि तरूणेश मिश्रा संस्था के अध्यक्ष कर्नल हर्षवर्धन गुप्ता, सचिव हेम चन्द सिंह एवं कोषाध्यक्ष स्वरूपा सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।कार्यक्रम की परिकल्पना हेम सिंह एवं नृत्य निर्देशन, कथक गुरू सुरूभि सिंह एवं शिष्य द्वारा उत्कृष्ठ प्रस्तुतियाँ दी गयी। प्रथम प्रस्तुति जिसमें भारतीय संस्कृति से ओत प्रोत ‍गणेश वन्दना‍ उसके उपरान्त पारम्परिक कथक नृत्य जिसमें उपज, उठान, ठाठ आदि एवं मध्य में होली की विशिष्ठ प्रस्तुति रंगी सारी गुलाबी चुनरियाँ एवं अन्त में सूफी नृत्य प्रस्तुत किया गया। मंच में तबले पर पं. रविनाथ मिश्रा, गायन बृजेन्द्र श्रीवास्तव, बासुरी पर दीपेन्द्र कुंवर एवं सितार पर नीरज मिश्रा आदि द्वारा प्रस्तुति दी गयी। द्वितीय प्रस्तुति संगीत लोक कला उत्सव के अन्तर्गत गायन डा. कुसुम वर्मा जो आकाश वाणी लखनऊ में लोक गायिका एवं एलाउन्सर है। प्रथम प्रस्तुति देवी गीत छुमछुम छाना नाना बाजे मैया के उपरान्त राजस्थानी लोक गीत मरोडिया ल्या जो जी बाजूदार बंगड़ी, हरियाणवी लोकगीत म्हारी री गली में आया रे सपेरा, होली गीत-होली खेले रघुवीरा अवध में की सुन्दर प्रस्तुति देकर दर्शको का मन मोह लिया। कलाकार कुसुम वर्मा, पूर्णिका पाण्डेय, कृतिका, अनमोल एवं शगुन संगतकर्ता आर्गन पर अरविन्द वर्मा ढोलक पर शुभम शर्मा, प्रमोद सिंह ने साथ दिया।

- **स्वर इण्डिया एसोसिएशन लखनऊ द्वारा संगीत लोक कला उत्सव का आयोजन**

# 36 कलाकारों के दल ने विहंगम प्रस्तुति दी



**लखनऊ।** संगीत संस्कृति फाउंडेशन के द्वारा अंतराराष्टीय बौद्ध शोध संस्थान में भारतीय पर्वतीय महासभा के तत्वाधान में निर्देशन हरितीमा पंत जी द्वारा 36 कलाकारो के दल ने विहंगम प्रस्तुति दी। जिसमे नृत्य निर्देशन, निशि तिवारी, पीयूष पांडे, तृप्ति गुप्ता का रहा। वन्दना, वक्र टुंडाय घीमहे , सूफी, लोक नृत्य, सेमी क्लासिकल,, असतो मा ज्योतिर्गमय। उतराखंड का पारंपरिक लोक नृत्य झोड़ा नृत्य प्रस्तुत किया गया।उत्तराखंड का लोक गीत,, बसंत ऋतु पर हरितीमा पंत वा रंजना जोशी द्वारा, बेड पाको बारा मासा की प्रस्तुति गीत को को दर्शको द्वारा सराहनीय रहा। दर्शकों द्वारा काफी सराहना द्वारा शुभ कामनाएं प्रेषित की गई। संगीत संस्कृति फाउंडेशन द्वारा सभी सम्मानित कलाकारो को हरितिमा पंत ने हार्दिक शुभकामनाएं वा उनके उजज्वल भविष्य की शुभ कामनाएं दे कर आभार व्यक्त किया

# दरभंगा, रक्सौल और नई दिल्ली के लिए चलेंगी होली स्पेशल ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 04012/04011 दिल्ली-दरभंगा-दिल्ली त्यौहार विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचलन दिल्ली से 04, 07, 11, 14 एवं 18 मार्च मंगलवार एवं शुक्रवार को तथा दरभंगा से 05, 08, 12, 15 एवं 19 मार्च बुधवार एवं शनिवार को 05 फेरों के लिये किया जायेगा।

04012 दिल्ली-दरभंगा त्यौहार विशेष गाड़ी 04, 07, 11, 14 एवं 18

- **होली पर घर आने व वापस जाने वाले यात्रियों को मिलेगी राहत**




मार्च, मंगलवार एवं शुक्रवार को दिल्ली से 19.30 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 20.10 बजे, मुरादाबाद से 22.38 बजे, दूसरे दिन बरेली से 00.03 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 03.40 बजे, गोंडा से 05.45 बजे, बस्ती से 07.00 बजे, गोरखपुर से 08.40 बजे, नरकटियागंज से 11.55 बजे, रक्सौल से 12.50 बजे, बैरगनियां से 13.42 बजे, सीतामढ़ी से 14.35 बजे तथा जनकपुर रोड से 15.12 बजे छूटकर दरभंगा 16.30 बजे पहुँचेगी।वापसी यात्रा में, 04011 दरभंगा-दिल्ली त्यौहार विशेष गाड़ी 05, 08, 12, 15 एवं 19 मार्च बुधवार एवं शनिवार को दरभंगा से 18.00 बजे प्रस्थान कर जनकपुर रोड से 18.42 बजे, सीतामढ़ी से 19.00 बजे, बैरगनियां से 19.30 बजे, रक्सौल से 20.40 बजे, नरकटियागंज से 21.55 बजे, दूसरे दिन गोरखपुर से 01.40 बजे, बस्ती से 02.45 बजे, गोंडा से 04.15 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 08.05 बजे, बरेली से 11.35 बजे, मुरादाबाद से 13.33 बजे तथा गाजियाबाद से 15.27 छूटकर दिल्ली 16.35 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 15, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी का 01 तथा जी.एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।जबकि 04026/04025 दिल्ली-रक्सौल-दिल्ली त्यौहार विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचलन दिल्ली से 06, 13 एवं 20 मार्च बृहस्पतिवार को तथा रक्सौल से 07, 14 एवं 21 मार्च शुक्रवार को 03 फेरों के लिये किया जायेगा।

04026 दिल्ली-रक्सौल त्यौहार विशेष गाड़ी 06, 13 एवं 20 मार्च बृहस्पतिवार को दिल्ली से 23.05 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 23.54 बजे, दूसरे दिन हापुड़ से 00.55 बजे, मुरादाबाद से 02.40 बजे, बरेली से 04.02 बजे, शाहजहाँपुर से 05.10 बजे, सीतापुर से 07.55 बजे, गोंडा से 11.10 बजे, गोरखपुर से 14.10 बजे तथा नरकटियागंज से 17.25 बजे छूटकर रक्सौल 19.00 बजे पहुँचेगी।वापसी यात्रा में, 04025 रक्सौल-दिल्ली त्यौहार विशेष गाड़ी 07, 14 एवं 21 मार्च शुक्रवार को रक्सौल से 22.00 बजे प्रस्थान कर नरकटियागंज से 23.25 बजे, दूसरे दिन गोरखपुर से 03.25 बजे, गोंडा से 05.50 बजे, सीतापुर से 09.10 बजे, शाहजहाँपुर से 11.30 बजे, बरेली से 12.32 बजे, मुरादाबाद से 14.10 बजे, हापुड़ से 15.50 बजे तथा गाजियाबाद से 16.50 छूटकर दिल्ली 17.45 बजे पहुँचेगी।इस गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 01 कोच सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे। इसी क्रम में 04022/04021 नई दिल्ली-गोरखपुर-नई दिल्ली त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन नई दिल्ली से 07, 14 एवं 21 मार्च शुक्रवार को तथा गोरखपुर से 08, 15 एवं 22 मार्च शनिवार को 03 फेरों के लिये किया जायेगा।04022 नई दिल्ली-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी 07, 14 एवं 21 मार्च शुक्रवार को नई दिल्ली से 14.00 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 14.54 बजे, मुरादाबाद से 18.03 बजे, बरेली से 19.23 बजे, शाहजहाँपुर से 20.34 बजे, लखनऊ जं. से 22.30 बजे, दूसरे दिन गोंडा से 01.20 बजे तथा बस्ती से 02.42 बजे छूटकर गोरखपुर 05.00 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 04021 गोरखपुर-नई दिल्ली त्यौहार विशेष गाड़ी 08, 15 एवं 22 मार्च शनिवार को गोरखपुर से 07.00 बजे प्रस्थान कर बस्ती से 08.05 बजे, गोंडा से 09.45 बजे, लखनऊ जं. से 13.35 बजे, शाहजहाँपुर से 16.30 बजे, बरेली से 17.35 बजे, मुरादाबाद से 19.08 बजे तथा गाजियाबाद से 22.12 छूटकर नई दिल्ली 23.10 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 01 कोच सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे।

# अजीत डोभाल ने सियाराम के रसोई अभियान में दिया सहयोग

लखनऊ। हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित सियाराम की रसोई को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल का अमूल्य आशीर्वाद एवं सहयोग प्राप्त हुआ है। इस सहयोग से हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट को समाज के वंचित वर्गों की सेवा में अपना योगदान और भी प्रभावी ढंग से निभाने की प्रेरणा मिली है।हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी, श्री हर्ष वर्धन अग्रवाल ने बताया कि श्री अजीत डोभाल जी ने सियाराम की रसोई‌ मुहिम के प्रति अपनी संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए उदारता से 5001/- की दान राशि प्रदान की है। उनका यह योगदान न केवल आर्थिक सहायता का प्रतीक है, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में उनके अटूट विश्वास को भी दशार्ता है। ‍सियाराम की रसोई एक प्रेरणादायक पहल है, जो न केवल भूख मिटाती है, बल्कि समाज में सहानुभूति, दया और एकता की भावना को भी बढ़ावा देती है। हमें विश्वास है कि देश के शीर्ष महानुभावों के सहयोग से समाज में प्रभावी सकारात्मक बदलाव संभव है।‍ हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट समाज सेवा के इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।



## कार्यालय कलेक्टर/लाइसेंस प्राधिकारी, बहराइच

**विज्ञप्ति संख्या : 1353/व्यवस्थापन/2024-25/ बहराइच** **दिनांक : मार्च 4, 2025**

**विज्ञप्ति**

विज्ञप्ति संख्या 1282/व्यवस्थापन/2024-25/बहराइच/ दिनांक 12.02.2025 को एतद् द्वारा संशोधित करते हुए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आबकारी नीति वर्ष 2025-26 हेतु जनपद की फुटकर बिक्री की देशी मदिरा, भांग एवं कम्पोजिट दुकानों की सार्वजनिक ई-लाटरी नियत तिथि 06.03.2025 को मध्यान्ह 12.00 बजे से समाप्ति तक पुलिस लाईन, साईबर थाने स्थित के सामने स्थित टिन शेड में आयोजित की जायेगी। ई-लाटरी में सफल आवेदकों द्वारा आवंटित दुकान की बेसिक लाइसेंस फीस/लाइसेंस फीस आवंटन तिथि से 03 कार्य दिवस (दिनांक 11.03.2024 तक) में तथा निर्धारित प्रतिभूति धनराशि का 50 प्रतिशत ई-लाटरी की तिथि से 10 दिवस के अंदर, 30 प्रतिशत ई-लाटरी की तिथि से 25 दिवस के अंदर एवं अवशेष 20 प्रतिशत ई-लाटरी की तिथि से 35 दिवस के अन्दर जिला आबकारी अधिकारी, बहराइच को प्लेज्ड ई-बैंक गारण्टी प्रस्तुत किया जायेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक एवं कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी बहराइच से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| **(सुधांशु सिंह)** | **(मोनिका रानी)** |
| **जिला आबकारी अधिकारी** | **कलेक्टर/लाइसेंस प्राधिकारी** |
| **बहराइच** | **बहराइच** |

# 18 ट्रेन निरस्त, कई के मार्ग बदले, यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा आधारभूत संरचना में विस्तार के क्रम में वाराणसी मण्डल के गोरखपुर कैण्ट-भटनी रेल खण्ड पर बैतालपुर-देवरिया सदर स्टेशन के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग के कमीशनिंग एवं नान-इण्टरलॉक कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन, निरस्तीकरण एवं पुनर्निर्धारण/नियंत्रण किया जायेगा।

मार्ग परिवर्तन के तहत कटिहार से 06 मार्च को चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग सीवान-भटनी-गोरखपुर कैण्ट के स्थान पर परिवर्तित मार्ग सीवान-थावे-कप्तानगंज-गोरखपुर कैण्ट के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव देवरिया सदर स्टेशन पर नही रहेगा। नई दिल्ली से 05 मार्च को चलने वाली 12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर कैण्ट-भटनी-सीवान के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैण्ट-कप्तानगंज-थावे-सीवान के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव देवरिया सदर स्टेशन पर नही रहेगा। अमृतसर से 05 मार्च को चलने वाली 14604 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर कैण्ट-भटनी-सीवान के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैण्ट-कप्तानगंज-थावे-सीवान के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव देवरिया सदर स्टेशन पर नही रहेगा।

निरस्तीकरण के तहत गोरखपुर से 05 एवं 06 मार्च को चलने वाली 55056 गोरखपुर-छपरा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। छपरा से 05 एवं 06 मार्च को चलने वाली 55055 छपरा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर कैण्ट से 05 एवं 06 मार्च को चलने वाली 15129 गोरखपुर कैण्ट-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। वाराणसी सिटी से 05 एवं 06 मार्च को चलने वाली 15130 वाराणसी सिटी-गोरखपुर कैण्ट एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

छपरा से 05 एवं 06 मार्च को चलने वाली 15105 छपरा-नौतनवा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। नौतनवा से 05 एवं 06 मार्च को चलने वाली 15106 नौतनवा-छपरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बनारस से 06 मार्च को चलने वाली 15104 बनारस-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 06 मार्च को चलने वाली 15103 गोरखपुर-बनारस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर कैण्ट से 05 मार्च को चलने वाली 55042 गोरखपुर कैन्ट-सीवान सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। सीवान से 06 मार्च को चलने वाली 55041 सीवान-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। वाराणसी सिटी से 05 मार्च को चलने वाली 15132 वाराणसी सिटी-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 06 मार्च को चलने वाली 15131 गोरखपुर-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

गोरखपुर से 06 मार्च को चलने वाली 05131 गोरखपुर-बहराइच विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। बहराइच से 06 मार्च को चलने वाली 05132 बहराइच-गोरखपुर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 05 एवं 06 मार्च को चलने वाली 55036 गोरखपुर-सीवान सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। सीवान से 05 एवं 06 मार्च को चलने वाली 55035 सीवान-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। सीवान से 05 एवं 06 मार्च को चलने वाली 55037 सीवान-थावे सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। थावे से 05 एवं 06 मार्च को चलने वाली 55038 थावे-सीवान सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

नियंत्रण के तहत काठगोदाम से 05 मार्च को चलने वाली 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस लखनऊ मण्डल (पूर्वोत्तर रेलवे) पर 90 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। पुनर्निर्धारण के तहत दरभंगा से 06 मार्च को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी दरभंगा से 120 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी।।

## उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 30 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त



**लखनऊ।** अपनी रेल सेवा का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए 28. फरवरी को उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के 30 रेल कर्मचारी अपनी रेल सेवा से निवृत्त हुए क इन सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मंगलवार को मंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह के अंतर्गत प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया, जिसका भुगतान कर्मी के नामांकित बैंक खाते में सीधे आरटीजीएस के माध्यम से भेजा जायेगा। कर्मचारी के खाते में स्वतः क्रेडिट हो जायेगा कइस कार्यक्रम के प्रारंभ में मण्डल कार्मिक अधिकारी आर. सी. बैरवा ने सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का स्वागत किया एवं उनकी रेल सेवाओं हेतु आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत मण्डल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा ने सेवानिवृत कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र एवं गोल्ड कोटेड चांदी का पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

# निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारी करेंगे देशव्यापी बैठक

वरिष्ठ संवाददाता



लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति लगातार 97वें दिन बिजली कर्मियों ने समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति के सभी घटक श्रम संघों सेवा संगठनों के केंद्रीय पदाधिकारियों की 8 मार्च को लखनऊ में बैठक बुलाई गई है ।इस बैठक में संघर्ष के अगले कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा की पावर कार्पोरेशन प्रबंधन को निजीकरण की जिद छोड़कर बिजली कर्मचारियों को विश्वास में लेकर सुधार के कार्यक्रम चलाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि विगत नवंबर के अंत में पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने निजीकरण का राग छेड़कर प्रदेश के ऊर्जा निगमों में अनावश्यक तौर पर औद्योगिक अशांति का वातावरण बना दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के और उपभोक्ताओं के व्यापक हित में यह वातावरण समाप्त होना ही चाहिए। प्रबंधन यह कह दे कि निजीकरण नहीं होगा और एक वर्ष सुधार को समर्पित, तो बिजली कर्मी दिन रात प्रयास कर एटीएंडसी हानियां राष्ट्रीय मानक 15 प्रतिशत के नीचे लाकर दिखा देंगे। उन्होंने कहा कि संघर्ष समिति का हमेशा से ही यह मूल मंत्र है सुधार और संघर्ष। निजीकरण के विरोध में संघर्ष करते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने बिजली कर्मियों का आह्वान किया है कि वह मार्च के महीने में अधिकतम राजस्व असली का कीर्तिमान बनाकर दिखाएं। बिजली कर्मी संघर्ष के साथ सुधार के इस अभियान में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि निजीकरण के पीछे केवल भ्रष्टाचार है। यदि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन अपनी निजीकरण की जिद पर अड़ा रहा तो विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति इसके पीछे के सारे भ्रष्टाचारी से आम जनता को अवगत कराएगी। इस लिए नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के तत्वावधान में प्रदेश में मार्च के महीने में चार बड़ी रैली आयोजित की जाएगी। इनकी तारीख 8 मार्च को घोषित कर दी जाएगी। आज वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिजार्पुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, हरदुआगंज, पारीछा, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध सभा हुई।

## गांव की खराब सड़के बसों को कर रही है जर्जर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में हजारों की संख्या में बसें यात्रियों को पहुंचाने का कार्य कर रही है। कुछ जिलों में पुरानी बस तो किसी जिले में नई बस चलेगी। जिन गांवों की सड़के जर्जर है और खराब है वहां पर भी बस जाती है लेकिन गांव की सड़क खराब होने के कारण बस जर्जर हो जाती है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के आकड़ो के मुताबिक प्रतिवर्ष 362 बस गांव में चलती है तो जर्जर हो जाती है। इतनी ज्यादा संख्या में बस जर्जर होने पर गांव के रुट में पुरानी बसों को ही लगाया जाता है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बेड़े में जल्द ही एक हजार से अधिक बस और चलाने के लिए प्रस्ताव तैयार हो गया है। प्रस्ताव पास होने पर जल्द ही जिस गांव में बस नही चलती है वहां भी बसों को चलाया जायेगा। वर्तमान में पांच जिले ऐसे है जिनके कुछ गांवों में बस नही चलती है। बस नही चलने से गांव के लोग शहर तक नही आ पाते है। परिवहन निगम के प्रबंधन ने माना है कि सड़के खराब होने के कारण प्रतिवर्ष चार करोड़ का नुकसान विभाग को होता है।

# आईआरसीटीसी को मिला नवरत्न का दर्जा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत सरकार ने कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) एवं इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन (आईआरएफसी) को नवरत्न कंपनियों के रूप में अपग्रेड करने की मंजूरी दी है। आईआरसीटीसी भारत की 25वीं और आईआरएफसी 26वीं नवरत्न कंपनी बनी है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आईआरसीटीसी और आरआईएफसी की टीम को नवरत्न का दर्जा मिलने पर बधाई दी। रेल मंत्री ने कहा कि हम यह साझा करते हुए प्रसन्नता महसूस कर रहे हैं कि 2014 के बाद रेलवे के सभी 7 सूचीबद्ध पीएसयू को नवरत्न का दर्जा प्राप्त हुआ है। जिसके अंतर्गत कॉनकोर को जुलाई 2014 में आरवीएनएलको मई 2023, इरकॉन को अक्टूबर 2023 में, रेलटेल को अगस्त 2024 और अब आईआरसीटीसी और आईआरएफसीको यह दर्जा मिला है। रेल मंत्री ने इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेलवे क्षेत्र में परिवर्तन के प्रति केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने इस अवसर पर वित्त मंत्री का भी आभार व्यक्त किया।



**कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन :** आईआरसीटीसी रेल मंत्रालय के तहत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सीपीएसई) है, जिसकी वार्षिक आय 4,270.18 करोड़, शुद्ध लाभ (पैट) 1,111.26 करोड़, और नेट वर्थ 3,229.97 करोड़ वित्त वर्ष 2023-24) है। आईआरएफसी भी रेलवे मंत्रालय का एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) है जिसका वार्षिक कारोबार 26,644 करोड़ है, शुद्ध लाभ (पैट) 6,412 करोड़ है एवं वित्त वर्ष 2023-24 के लिए इसकी नेट वर्थ 49,178 करोड़ है।

नवरत्न का दर्जा मिलना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि आईआरसीटीसी वर्ष 2025 में खानपान, पर्यटन और ऑनलाइन टिकटिंग सेवाओं में उत्कृष्टता के 25 वर्षों का जश्न मना रहा है। यह विगत कुछ वर्षों में आतिथ्य, यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में निगम की परिचालन उत्कृष्टता का प्रमाण है। नवरत्न सार्वजनिक उपक्रम वैश्विक प्रतिस्पर्धी बाजार में भारत की स्थिति को बढ़ाने के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा देकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह उपलब्धि को यात्रा, पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्रों में अपने कार्यों के विस्तार करने और अपनी सेवा उपलब्धियों को बढ़ाने में सहायक है।

**इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन :** रेल मंत्रालय के तहत एक प्रमुख वित्तीय संस्थान, भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) को भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित नवरत्न का दर्जा दिया गया है। यह मान्यता भारत के रेलवे बुनियादी ढांचे का समर्थन करने वाले केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) में से एक के रूप में आईआरएफसीकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है ।12 दिसंबर, 1986 को 100% सरकारी स्वामित्व वाली इकाई के रूप में स्थापित आईआरएफसी भारतीय रेल के विस्तार और आधुनिकीकरण के वित्तपोषण में सहायक रहा है। 31 मार्च, 2024 तक 26,600 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व और 6,400 करोड़ रुपये से अधिक के कर भुगतान पश्चात लाभ के साथ, आईआरएफसीअब भारत में तीसरी सबसे बड़ी सरकारी एनबीएफसी बन गई है।

## ई-बसों में माननीयों के लिए भी पास मुफ्त नही

लखनऊ। शहर में दर्जन भर से ज्यादा ई-बसे चल रही है जबकी लगभग सौ से ज्यादा बसे और चलने के लिए तैयार है। लेकिन इन बसों में मात्र पैसा देकर ही यात्रा किया जा सकता है। पहले की तरह किसी को भी किसी भी पास दिखाकर चलने की अनुमति नही दिया गया है। यहां तक की राज्य सभा सदस्य से लेकर विधायक भी इस बसे में मुफ्त का सफर नही कर सकेगें। लखनऊ समेत यूपी के 14 शहरों में जल्द चलने वाली 700 एसी इलेक्ट्रिक बसों में किसी भी तरह का पास मान्य नहीं होगा। पूर्व से सात शहरों में चल रही 300 इलेक्ट्रिक बसों में भी पास नहीं चलेगा। एमएसटी और स्टाफ को भी मुफ्त सफर कराने की मनाही है। सिटी ट्रांसपोर्ट आरके त्रिपाठी ने बताया कि एसी इलेक्ट्रिक बसों के बजाए सिर्फ सीएनजी बसों में पास मान्य होगा। सीएनजी बसों में पास दिखाकर मुफ्त यात्रा के पात्र लोग सफर कर सकेंगे। सीएनजी में एमएसटी भी चलेगी। ई-बसों में दिव्यांग को भी इस बस के अन्दर पैसा लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। क्षेत्रिय निदेशक ने बताया कि अभी इस नियम को लागू किया गया है इसके बाद देखा जायेगा की इसका परिणाम क्या होगा इसके आधार पर आगे की सोचा जायेगा।

# विश्वस्तरीय इनडोर स्टेडियम बनाने की जरूरत : मुकेश शर्मा

विशेष संवाददाता



**लखनऊ।** विधान परिषद के सदस्य मुकेश शर्मा ने बजट सत्र के दौरान नियम 115 के अंतर्गत लखनऊ में खेलों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए विकासनगर में विश्वस्तरीय इनडोर स्टेडियम बनाए जाने की मांग

- विधान परिषद सदस्य ने सदन में छाछी कुआं हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार का भी उठाया मुद्दा

को सदन में रखा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय खेल सुविधायें एवं प्रशिक्षण देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस संबंध में उन्होंने आगे बताया कि इंदिरानगर रिंग रोड पर आवास विकास की एक लाख वर्गफुट जगह विकासनगर मिनी स्टेडियम के नाम पर कई वर्षों से रिक्त है, जिसे उपयोग में लाकर एक विश्वस्तरीय इनडोर स्टेडियम बनाये जाने की जरूरत है, जिससे खिलाड़ियों को लखनऊ में एक और स्टेडियम द्वारा बेहतर खेल सुविधाएं एवं प्रशिक्षण मिल सके। इसी क्रम में नियम 110 के अंतर्गत उन्होंने लखनऊ में मध्य विधानसभा के अंतर्गत सुभाष मार्ग पर स्थित छाछी कुआं हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस प्राचीन मंदिर की मान्यता के अनुसार यहां तुलसीदास ने प्रवास किया था एवं यहां स्थित ऐतिहासिक कुएं से भगवान हनुमान की मूर्ति प्रकट हुई थी। यह मूर्ति वर्तमान में मंदिर में स्थापित है। इस मंदिर में दर्शन करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु जन यहां आते है लेकिन यह मंदिर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है और यहां जनसुविधाओं का अभाव है। जनहित में यह मंदिर का जीर्णोद्धार और आवश्यक सुविधाएं मुहैया करायी जाये, जिससे मंदिर में दर्शन को आने वाले श्रद्धालु जनों को कोई कष्ट न हो।

## स्वयंसेवकों ने सामुदायिक भवन को साफ कर किया श्रम दान

**लखनऊ।** कालीचरण पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा यूथ फॉर माई भारत एंड यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी थीम पर आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत योग, ध्यान और प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद मंगलवार को द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों की टोली ने सामुदायिक भवन परिसर की साफ सफाई कर श्रम दान किया। श्रमदान के बाद स्वयंसेवकों ने विश्राम और भोजन ग्रहण किया। दूसरे दिन का बौद्धिक सत्र (तृतीय सत्र) पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण पर आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिव कुमार ने पर्यावरण को संरक्षित करने की बारीकियां बताते हुए सभी साफ सुथरे वातावरण में रहने की बातें बतायी। साथ-साथ इसी सत्र में स्वयंसेवकों को भारत सरकार की पर्यावरण संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। इसी सत्र में महिला सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित करायी गयी। इस प्रतियोगिता में एम कॉम की छात्रा सुधा और नैना बहेलिया संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, बीए के छात्र पिंकू द्वितीय एवं वैष्णी तृतीय स्थान पर रही।

# बीटेक के सातवें का 50 फीसदी और आठवें सेमेस्टर को पूरी तरह से ऑनलाइन कक्षा चलाने को हरी झंडी

विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में विद्या परिषद की बैठक हुई। बैठक में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए बीटेक पाठ्यक्रम के सातवें सेमेस्टर का 50 फीसदी और आठवें सेमेस्टर को पूरी तरह से ऑनलाइन कक्षा चलाने को हरी झंडी दी गयी है। यह निर्णय अंतिम वर्ष में छात्रों के इंटर्नशिप, प्रोजेक्ट कार्य,

- एकेटीयू में विद्या परिषद की बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण फैसले

इंडस्ट्री में काम करने और सिविल सर्विसेस, गेट आदि प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के मद्देनजर लिया गया है।

मूक्स के जरिये छात्र अपनी सुविधानुसार कक्षायें कर सकेगा। बैठक में एआईसीटीई के अनुसार अधिकतम 40 प्रतिशत क्रेडिट के कोर्स मूक्स के जरिये चलाये जाने का भी निर्णय लिया गया है। मूक्स पर ज्यादातर इंडस्ट्री ओरिएंटेड और रोजगार परक कोर्स उपलब्ध हैं। इनके जरिये कोर्स करने पर छात्रों को स्किल्ड बनाने में सहायता होगी। इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए डुअल डिग्री के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया। छात्र एकेटीयू अलावा ऑनलाइन माध्यम से किसी अन्य विश्वविद्यालय से डिग्री ले सकता है। साथ ही वर्किंग प्रोफेशनल को बीटेक करने की भी सुविधा पर भी बैठक में मुहर लगी। ऐसे लोगों को लेटरल एंट्री की अर्हता के साथ बीटेक में प्रवेश दिया जाएगी। इनकी कक्षाएं शाम को



संचालित की जायेंगी। कोर्स पूरा करने के लिए इन्हें एक अतिरिक्त सेमेस्टर की भी पढ़ाई करनी होगी। बैठक में बीसीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इंटरमीडिएट में गणित की अनिवार्य को अब खत्म कर दिया गया है। 12वीं पास कोई भी छात्र बीसीए में प्रवेश ले सकता है। हालांकि प्रथम वर्ष में उसे गणित में ब्रिज कोर्स कराया जाएगा।

वहीं डिग्रियों को सुरक्षित रखने के लिए अब पूरी तरह से ब्लॉकचेन तकनीकी के इस्तेमाल करने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दी गयी। यूपीआईडी नोएडा में संचालित एमबीए पाठ्यक्रम की 50 फीसदी सीट वर्किंग प्रोफेशनल के लिए आरक्षित पर सैद्धांतिक सहमति बनी। बैठक में प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार, आईईटी के निदेशक प्रो. विनीत कंसल, सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज के निदेशक प्रो. वीरेंद्र पाठक डीन यूजी प्रो. अनुराग त्रिपाठी, डीन पीजी प्रो. सीतालक्ष्मी, डीन यूपीटीएसी प्रो. ओपी सिंह, उपकुलसचिव डॉ. डीपी सिंह, सहायक कुलसचिव डॉ. आयुष श्रीवास्तव, एसो. डीन यूजी डॉ. अनुराग वर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## दोपहिया वाहन में जोड़कर चला रहे हैं ठेला, आरटीओ मौन

**लखनऊ।** सड़क पर गाड़ियों से दुर्घटना कम हो इसके लिए यातायात विभाग और आरटीओ अभियान चलाकर गाडियों को सीज तक कर दिया जाता है। फिर भी दुर्घटना दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सड़क पर पुरानी दो पहिया वाहन को ठेले में बांध कर बीच सड़क पर चल रहे है। इन गाड़ियों पर नम्बर नही होने के कारण पुलिस चलान भी नही कर पाती है। जबकी इसके लिए आरटीओ कार्यालय के तरफ से कार्रवाई भी किया जाता है। ट्रांसपोर्टनगर एआरटीओ पीके सिंह ने बताया कि जहां भी ठेले में दो पहिया वाहन लगा जाया जायेगा तो गाड़ी चला रहे चालक के खिलाफ एफआईआर और दो पहिया वाहन के चेसिस नम्बर के आधार पर दो पहिया वाहन मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई किया जायेगा। आलमबाग, सरोजनीनगर, ट्रांसपोर्टनगर और गोसाईगंज में सबसे ज्यादा दो पहिया वाहन का आधा भाग जोड़कर चलाया जा रहा है। ज्यादातर ऐसे गाड़ियों पर लोहे की समाग्री लोहे के दरवाजे और लकड़ी का समान को लाने ले जाने का कार्य किया जाता है। गाड़ी के बाहर लम्बी लोहे का समाग्री रखकर चलते है।

# ऐशबाग जं. को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार, सबसे स्वच्छ स्टेशन का मिला दर्जा

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे प्रेक्षागृह, गोरखपुर में आयोजित महाप्रबन्धक स्तर पर 69वें रेल सप्ताह समारोह विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2024 के अवसर पर आज पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबन्धक सौम्या माथुर ने पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ रेल अधिकारियों, मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में लखनऊ मण्डल के 01 अधिकारी एवं

- लखनऊ मण्डल के एक अधिकारी एवं 8 कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया
- स्टार परफार्मर ऑफ द ईयर पुरस्कार से लखनऊ मण्डल के 9 कर्मचारी सम्मानित

08 कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2024 तथा स्टार परफार्मर ऑफ द ईयर के अन्तर्गत लखनऊ मण्डल के 09 कर्मचारियों को रेल सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं विशेष प्रशंसनीय कार्यो के निष्पादन हेतु पुरस्कृत किया। इसके अन्तर्गत पूर्वोत्तर रेलवे में विभिन्न क्षेत्रों में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 13 अंतरमंडलीय सर्वोत्तम कार्य कुशलता शील्ड एवं ट्राफी लखनऊ मण्डल को पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबन्धक महोदया द्वारा प्रदान की गई।

इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल ने पुरस्कृत होने वाले सभी रेल कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के सामूहिक प्रयास से हमने अनेक उपलब्धियॉ हासिल की हैं। रेलवे के बदलते स्वरूप एवं बहुआयामी कार्य क्षेत्र में प्रगति को देखते हुए कार्यकुशलता तथा मितव्ययता के क्षेत्र में लखनऊ मण्डल पूर्वोत्तर रेलवे ने अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन किया है। हम सभी रेल संचलन के क्षेत्र में नयी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुये पूर्वोत्तर रेलवे को प्रगति की नयी ऊंचाइयों तक ले जायेंगे।

महाप्रबंधक स्तर पर विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार वितरण समारोह- 2024 में लखनऊ मण्डल को प्राप्त अंतरमंडलीय कार्यकुशलता शील्ड एवं ट्राफी तथा व्यक्तिगत रूप से पुरस्कार



पाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नाम निम्नवत है। लखनऊ मण्डल को प्राप्त होने वाली अर्न्तमण्डलीय कार्यकुशलता शील्ड एवं ट्राफी, अंतरमंडलीय दूरसंचार कार्यकुशलता शील्ड, अंतरमंडलीय लोको (परिचालन) कार्यकुशलता शील्ड, अंतरमंडलीय विद्युत कार्यकुशलता शील्ड, अंतरमंडलीय लेखा कार्यकुशलता शील्ड, अंतरमंडलीय भण्डार कार्यकुशलता शील्ड, अंतरमंडलीय कर्षण वितरण कार्यकुशलता शील्ड, अंतरमंडलीय परिचालन कार्यकुशलता शील्ड, अंतरमंडलीय कार्मिक कार्यकुशलता शील्ड, अंतरमंडलीय सिगनल कार्यकुशलता शील्ड, द्वितीय सर्वोत्तम व्यवस्थित स्टेशन - (मैलानी), सर्वाधिक व्यवस्थित एवं साफ-सुथरा रैक (12533/12534 पुष्पक एक्सप्रेस), सर्वोत्तम व्यवस्थित रनिंग रुम - (सीतापुर), सर्वोत्तम स्वच्छ स्टेशन ट्राफी (डी एवं ई श्रेणी) - (ऐशबाग) को मिली। जबकि विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2024 में डा. शिल्पी कन्नौजिया, वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी/लखनऊ, कर्मचारियों के नाम तहेन्द्र सिंह, स्टेशन मास्टर, लखनऊ, एस.के. शर्मा, स्टेशन प्रबन्धक, गोरखपुर, निकुंज कुमार आर्या, स्टेशन मास्टर/लखपतनगर, सुधांशु कुमार राव, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (समाडि), लखनऊ, सन्तोष कुमार पाठक, तकनीशियन-। (सिगनल) गोण्डा, अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/मरेंप्र कार्यालय, लखनऊ, अशोक कुमार यादव, तकनीशियन-।/विद्युत लोको शेड, गोरखपुर तथा शैलेन्द्र श्रीवास्तव, लोको पायलट/मेल एक्सप्रेस एकीकृत लॉबी, लखनऊ को मिला। वहीं स्टार परफार्मर ऑफ द ईयर में कर्मचारियों में आनन्द प्रकाश शर्मा, चीफ कन्ट्रोलर, लखनऊ, उदय राज निरीक्षक, अपराध आसूचनी शाखा/रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर, गौरव कुमार, कॉटावाला/बस्ती, मानसी, कुश्ती (महिला), टिकट निरीक्षक/वाणिज्य विभाग, लखनऊ, मोहम्मद कामरान कदर सिद्दीकी, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (समाडि), लखनऊ, विनोद कुमार सिंह, मुख्य वाणिज्य लिपिक/कटरा, लखनऊ , विकास साह, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (दूरसंचार), डालीगंज, शचीन्द्र बहादुर सिंह, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य), बस्ती तथा साकेत भूषण मिश्र, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (विद्युत), बढ़नी को मिला।

# सार्वजनिक भवनों में बाधारहित सुविधाओं की अनिवार्यता पर बल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राज्य आयुक्त दिव्यांगजन प्रो. हिमांशु शेखर झा की अध्यक्षता में इंदिरा भवन स्थित सभाकक्ष में सार्वजनिक भवनों में बाधारहित सुविधाओं की उपलब्धता विषयक संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजन को सुगम्य

- सार्वजनिक भवनों में बाधारहित सुविधाओं की उपलब्धता विषयक संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित

वातावरण प्रदान करना तथा कार्यदायी संस्थाओं को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करना था।

राज्य आयुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं से समन्वय करते हुए अवसंरचना के पर्यवेक्षणीय दायित्वों पर बल दिया। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 40-46 के तहत सभी प्रतिष्ठानों को दिव्यांगजन के लिए बाधारहित सुविधायें उपलब्ध कराना अनिवार्य है। इसी क्रम में भारत सरकार के आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा हारमोनाइजड गाइडलाइंस एंड स्टैंडर्ड फॉर यूनिवर्सल एक्सबिल्टी इन इंडिया, 2021 जारी की गयी है, जिसमें भवनों को दिव्यांगजन और वृद्धजनों के लिए सुगम्य एवं बाधारहित बनाने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

निर्माण एजेंसियों को बाधारहित अवसंरचना सुनिश्चित करने के निर्देश : दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के प्रमुख सचिव सुभाष चंद शर्मा ने निर्माण एजेंसियों और स्वैच्छिक संगठनों को निर्देश दिया कि वे अपने अधीनस्थ भवनों में बाधारहित वातावरण सुनिश्चित करें और इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि सभी भवनों में सीढ़ियों के साथ रैंप, ब्रेल साइनेज, टैक्टाइल पाथवे, ऑडियो सिग्नल एवं व्हीलचेयर-फ्रेंडली वॉशरूम जैसी सुविधाएं आवश्यक रूप से उपलब्ध होनी चाहिए।

संक्षेप

## एनएसएस छात्रों को किया जागरूक

**टूंडला।** राम सिंह महाविद्यालय नगला सिकंदरा टूंडला एटा रोड फिरोजाबाद की ओर से नगला मुरली में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के छठवें दिन स्वयं सेवक सेविकाओं ने युवा शक्ति को विकसित करने के लिए जैसे साक्षर कौशल मिशन, कृषि क्षेत्र डिजिटल शक्ति आदि के बारे में जागरूक किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. वीपी सिंह ने युवाओं, ग्रामीणों को बेहतर भविष्य हेतु संचार के आधुनिक साधनों का उपयोग करने हेतु सुझाव दिये। कॉलेज प्रबंधन डॉक्टर डीपी सिंह द्वारा स्वयंसेवक सेविकाओं को संचार साधनों की शिक्षा के क्षेत्र में उपयोग करने हेतु प्रेरित किया।

इंजीनियर प्रोफेसर अनूप कुमार ने छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को डिजिटल बनाने की तकनीक तथा उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बौद्धिक शास्त्र समाजशास्त्र प्रवक्ता प्रोफेसर दीक्षा शर्मा ने युवा विकसित भारत में डिजिटल के महत्व के बारे में स्वयंसेवक/सेविकाओं को विस्तार से जानकारी दी। कॉलेज की अंग्रेजी प्रवक्ता प्रोफेसर पूजा सिंह ने विकसित भारत में युवा शक्ति की क्या क्षमता होती है पर अपने विचार प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने कहा कि राष्ट्र का भविष्य युवाओं के हाथों में है।

## मादक पदार्थ तस्कर को किया गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को 1 किलो 648 ग्राम अवैध चरस एवं तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। थाना दक्षिण पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त शिवम उर्फ शिवा यादव पुत्र अमर सिंह यादव को रेलवे लाइन मुरली नगर के पास से 1.648 किग्रा अवैध चरस एवं तस्करी में प्रयुक्त स्पलेण्डर मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया, गिरफ्तार अभियुक्त अपने 4 अन्य साथियों नरेन्द्र यादव पुत्र अमर सिंह, प्रमोद राठौर अरविन्द उर्फ हब्बा उर्फ टिन्चा के साथ संगठित गिरोह बनाकर अवैध चरस की तस्करी करता है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर कार्यवाही की है।

## संभल के न्यायालय के फैसले का सनातनियों ने किया स्वागत

**मथुरा।** आज वृंदावन में चिंतामणि कुंज, प्रेम मंदिर के पास में सभी सनातनी और संतो द्वारा सम्भल के न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। श्रीकृष्ण जन्मभूमि का मंदिर का केस लड़ रहे पक्षकार दिनेश फलाहारी ने कहा कि न्यायालय सबूत के आधार पर फैसला दिया है, मुस्लिम पक्ष के पास सबूत न होने के कारण न्यायालय ने हिंदू पक्ष में अपना फैसला सुनाया है और उस स्थान को विवादित ढांचा माना गया है। आचार्य बद्रीश जी महाराज ने कहा कि मुगल शासको द्वारा हमारे हिंदू मठ मंदिरों पर अवैध कब्जा किया गया था, अब न्यायालय के माध्यम से हम बहुत जल्दी अपने मंदिरों को वापस लेंगे। आचार्य अतुल कृष्ण दास ने कहा कि यह मुगल शासक बहुत ही निर्दयी थे और उन्होंने हमेशा से हमारे सनातन धर्म को नष्ट करने का प्रयास किया था, महामंडलेश्वर दशरथ नाथ महाराज ने कहा कि अब समय आ गया है कि हिंदू जाग रहा है और न्यायालय में अपने मंदिरों को वापस करने के लिए लड़ाई लड़ रहा है। आचार्य ज्ञानेश महाराज ने कहा कि हिंदुस्तान में जितने भी मंदिरों पर कब्जे हुए थे अब उन सभी मंदिरों को न्यायालय द्वारा वापस लेंगे।

# 7, 10, 12 और 14 मार्च को होंगे विशेष आयोजन

## द्वारकाधीश मंदिर में होंगे होली के विशेष कार्यक्रम



● ठाकुर जी एकादशी के दिन कुंज में एकादशी के कुंज में होली खेलेंगे

**मथुरा।** ठाकुर मंदिर द्वारकाधीश में पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉक्टर वागीश कुमार महाराज के आदेश अनुसार मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण होता है उसी के तहत सभी कार्यक्रम विधि-विधान से प्रारंभ होते हैं 7 मार्च को होलिका अष्टक प्रारंभ होंगे और उसे दिन ठाकुर द्वारिकाधीश जी महाराज यमुना घाट पर विराजमान होकर होली खेलेंगे अर्थात ठाकुरजी के समक्ष यमुना जी बनाई जाएगी और यह विशेष दर्शन प्रातः काल 10 बजे से 11 बजे तक होंगे और होलीका अष्टक प्रारंभ होने के साथ ही ठाकुर जी स्वर्ण और रजत पिचकारी से शुद्ध टेसू के फूलों से होली खेलेंगे और यह प्रसादी जो अभी तक भक्तों को नहीं मिल रही थी वह 8 मार्च से प्रतिदिन राजभोग के दर्शन में 10 बजे से 11 तक भक्तों पर भी प्रसादी के रूप में आएगी और 10 मार्च को ठाकुर जी एकादशी के दिन कुंज में एकादशी के कुंज में होली खेलेंगे। 12 मार्च को बगीचे का आयोजन होगा और और 14 मार्च को डोल महोत्सव के साथ होली के सभी कार्यक्रम संपन्न होंगे।

इस दौरान सभी भक्तजनों से विनम्र निवेदन है कि वह मंदिर की मर्यादा का ख्याल रखते हुए, मंदिर में वृद्ध लोग गर्भवती महिला और बच्चे अगर संभव हो तो ना आए और मंदिर में आने वाले श्रद्धालु अपने पास से किसी भी प्रकार के रंग पिचकारी या गुलाल लेकर ना आए। पुष्टिमार्ग संप्रदाय में भाव के अनुसार ठाकुर जी पर चढ़ाए हुए रंग का ही प्रयोग होता है और एक विशेष निवेदन ठाकुर जी को जो परंपरा के अनुसार रसिया गायन होता है। उसे रसिया गायन का भी आनंद ले अपनी ओर से किसी भी प्रकार की कोई ऐसी व्यवस्था न करें जिससे के रसिया गायन में किसी प्रकार का कोई विघ्न आए, मर्यादा का ख्याल रखते हुए भक्त दर्शन करें।

# हाथ-पैर बांधे, फिर चाकू से गला काटा

● बहन को इसलिए दी खौफनाक मौत, ताकि भांजे को पता रहे उसने बड़ी गलती की

**आगरा।** टेढ़ी बगिया (ट्रांस यमुना) में भांजे के साथ पत्नी के चले जाने पर नाराज युवक ने रविवार रात बहन गीता देवी (45) की हत्या कर दी। आरोप है कि घर में हाथ-पैर बांधने के बाद चाकू से गला रेत डाला। इसके बाद शव को प्लास्टिक के बोरे में बंदकर प्लॉट में फेंक दिया। सोमवार सुबह पता चलने पर पुलिस ने देर रात उसे गिरफ्तार किया। वह बेटे के साथ दिल्ली भाग गया था। डीसीपी सिटी सूरज राय का कहना है कि हत्या के पीछे मृतका के पुत्र के अपनी मामी से अवैध संबंध हैं। माता वाली गली, टेढ़ी बगिया निवासी प्रताप सिंह मजदूरी करते हैं। उनके दो बेटे कुलदीप और भूरा हैं। बेटी खुशी की शादी हो चुकी हैं। प्रताप सिंह ने बताया कि पत्नी गीता देवी का भाई रवि, अपनी पत्नी और बच्चे के साथ 10 महीने पहले पड़ोस के एक मकान में किराये पर रहने आया था। रवि भी मजदूरी करता है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि भूरा के अपनी मामी से प्रेम संबंध हो गए। 16 फरवरी को भूरा मामी के साथ चला गया। तलाश में वे बल्लभगढ़ (हरियाणा) में मिले। 24 फरवरी को भूरा को ले आए, तब रवि की पत्नी ने आने से मना कर दिया। दो दिन बाद परिवार के लोग उसे भी समझाकर ले आए। मामला थाने तक पहुंचा। 28 फरवरी को पति और बच्चे को छोड़ भूरा के साथ वह दोबारा चली गई। यह बात रवि को खराब लगी। वह बेटे को भी साथ नहीं रखना चाहता था। उसने रविवार को गीता देवी को अपने पास बुलाया।

प्रताप सिंह ने बताया कि वह काम करके घर आए तो गीता नहीं थीं। उन्होंने कॉल किया तो बताया कि वह रवि के साथ मायके धनौली आई हैं। रात तक आ जाएगी। सोमवार सुबह 6 बजे महावीर के मकान में किराएदार संतोष की पत्नी जूली प्लॉट में कूड़ा फेंक रही थीं। उनकी नजर कूड़े के ढेर में पड़े बोरे पर गई। बोरे से बिछिया पहनी महिला के पैर दिख रहे थे। जानकारी पर लोग जुट गए। बोरा देखा तो गीता देवी का शव मिला। बेटे कुलदीप ने बताया कि गीता देवी का गला रेता गया था। हाथ-पैर भी रस्सी से बंधे थे। आशंका है कि रवि ने साजिश के तहत गीता को बुलाया और हत्या कर दी। बोरे के पास में खून से सना चाकू पड़ा था। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर रवि के घर का ताला तोड़ा। कमरे में संघर्ष के निशान मिले। फर्श पर गीता की चूड़ियां टूटी थीं। रवि ने बहन को बहाने से बुलाया था।

# यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**फिरोजाबाद।** यातायात पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर एडीफाई स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ सुभाष चौराहे पर बिना हैलमेट पहने दुपहिया वाहन चालकों को पुष्प देकर हैलमेट पहनने एवं पेट्रोल पम्प पर सेल्समैनों को भी पुष्प देकर बिना हैलमेट पहनने वालों को पेट्रोल न देने की अपील की गयी। इस दौरान यातायात पुलिस ने लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया जिसमें उन्होंने बताया कि सुरक्षित यातायात के लिए हैलमेट का सदैव प्रयोग करें, तीन सवारी न बैठायें , यातायात सिग्नल का सदैव पालन करने, नशे में गाडी न चलायें, गाडी चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने साथ ही सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की थीम अपनाये जाने हेतु जागरुक किया गया।

## पहले पत्नी, फिर पति ने की आत्महत्या

**आगरा।** बेटी की मौत से गुस्साए मायके वालों ने ससुराल वालों को पीट दिया। ये देख दहशत में आए दामाद ने भी जान दे दी। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना डौकी के गांव कांकर में विवाहिता ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही मायके वाले आ गए। विवाहिता की लाश को देख वे गुस्से से आग बबूला हो गए। मायके वालों ने बेटी के ससुराल वालों के साथ मारपीट शुरू कर दी। ये देख दामाद ने भी फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी। गांव कांकर निवासी लवकुश की पत्नी राखी ने फंदा लगाकर जान दे दी। घरवालों ने जब उसका शव कमरे में लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर मायके वाले पहुंच गए। हत्या का आरोप लगाते हुए राखी के घरवालों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। आरोप है कि इस दौरान मायके वालों ने लवकुश के घरवालों के साथ मारपीट कर दी। ये देख लवकुश दहशत में आ गया। लवकुश घर से भाग निकला और खेत में जाकर उसने भी फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। उसकी मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।थ सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के पीछे पति-पत्नी में आपसी विवाद बताया जा रहा है। दो दिन पहले ही विवाहिता अपने जीजा के यहां से शादी समारोह में शामिल होकर लौटी थी, तभी से दोनों के बीच मनमुटाव चल रहा है। शादी को एक साल हुआ है।

## तीन सिपाहियों की करतूत में फंस गयीं एसओ पर्यटन पुलिस अधिकारी को नोटिस, कार्रवाई की तलवार

**आगरा।** तीन सिपाहियों की करतूत के चक्कर में एसओ पर्यटन भी फंस गए हैं। उन्हें नोटिस दिया गया है। माना जा रहा है कि इस मामले में एसओ पर भी कार्रवाई हो सकती है। आगरा के थाना पर्यटन से लाइन हाजिर हुए तीन सिपाही बिना अनुमति 60 विदेशी पर्यटकों को ताजमहल दिखाने गए थे। इस मामले में एसओ पर्यटन प्रीति चौधरी पर भी कार्रवाई की तलवार लटक गई है। उन्हें नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। वह सीसीटीवी फुटेज में आरोपी सिपाहियों के साथ देखी गईं थीं। इस मामले में 21 फरवरी को सिपाही वेदांत, दीपक और हिमांशु को निलंबित किया गया था। मामले में एसीपी ताज सुरक्षा सैयद अरीब अहमद ने प्रारंभिक जांच में तीनों सिपाहियों को दोषी पाया। विदेशी पर्यटकों को जिस दिन घुमाया गया, उस दिन के सीसीटीवी फुटेज देखे गए। शाम के समय एसओ पर्यटन प्रीति चौधरी से तीनों सिपाही मिले थे। प्रथम दृष्टया उन्हें भी दोषी मानते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ताकि उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की जा सके। हालांकि यह नहीं पता चला कि सिपाही किसके कहने पर गए थे। ताजमहल के आसपास कमीशन का खेल चलता है। इस मामले में सिपाहियों की संलिप्तता की भी बात सामने आ रही है। हालांकि अभी जांच जारी है।

## डीएम ने सिरसा नदी के जीर्णोद्धार कार्य सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया

**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन ने सीडीओ शत्रोहन वैश्य के साथ मंगलवार को जनपद के महत्वपूर्ण जन हितैषी स्थलों का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने ग्राम असुआ विकासखंड शिकोहाबाद में प्रधानमंत्री आवास सर्वे की स्थितियों को देखा, साथ ही इस योजना में लाभान्वित लाभार्थियों के साथ वार्ता भी की, डीएम ने इस अवसर पर कहा कि हमारा प्रयास है कि हर पात्र व्यक्ति को इस योजना का लाभ मिले, कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न हो साथ ही साथ हमें यह भी प्रयास करना चाहिए कि कोई अपात्र व्यक्ति इस योजना से लाभान्वित न हो, उन्होंने परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी को निर्देशित किया कि ग्राम असुआ में मजरा अनुसार सचिवों की ड्यूटी लगाई जाए, जिससे सभी पात्रों का चुनाव करके इस योजना से उन्हें आच्छादित किया जा सके। डीएम इस बात पर बेहद प्रसन्न नजर आएं यहां पर जो भी आवास आवंटित हुए हैं, वह सब मातृशक्ति के नाम पर हैं, जो हमारे प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार है, उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण योजना में गांव के प्रधान भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं, इससे पूर्व परियोजना निदेशक ने इस योजना के बारे में वहां उपस्थित नागरिकों को विस्तार से जानकारी दी।जिलाधिकारी ने इसके पश्चात यहां चल रहे सिरसा नदी के पुनरोद्धार के कार्य को भी देखा, डीएम ने वहां उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी का दायित्व है कि जनपद की इस महत्वपूर्ण नदी को पुनर्जीवित करने में अपना योगदान करें, उन्होंने सभी युवाओं का भी आह्वान किया वह भी अपना श्रमदान इस महत्वपूर्ण योजना में करें, यह नदी जनपद में 108 किलोमीटर में फैली है, इसलिए इस नदी को पुनर्जीवित करना हम सभी का दायित्व है, उन्होंने वहां चल रहे नदी के जीर्णोद्धार के कार्य को भी देखा और निर्देश दिए कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, कार्य निरंतर और जन सहयोग से संचालित होता रहे, इसके अलावा डीएम इसी कार्य को देखने ग्राम सभा चिरहुली विकासखंड मदनपुर भी गए, जहां पर उन्होंने सी को निर्देशित किया कि इस नदी की पटरी को 5 फुट चौड़ा किया जाए, साथ ही साथ उन्होंने कहा कि जगह-जगह चेक डैम बनाए जाए, साथ ही नदी की सफाई कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिये।

# लगातार जरूरतमंदों की सेवा का कार्य कर रही है स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंड्स सोसाइटी



**मथुरा।** स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हैल्पिंग हैंड्स सोसाइटी मथुरा से जो कि लगातार जरूरतमंदो की सेवा का कार्य कर रही है हर बहन-बेटी को सशक्त, मजबूत बनाने के लिए एस.एफ सोसाइटी हर संभव प्रयास करती है। किसी गरीब की मदद करनी हो या किसी बेटी की शादी करानी हो, सदैव ही इस नेक कार्यो के लिए आगे रहती है। सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्या अंकिता शर्मा ने बताया एस.एफ एनजीओ द्वारा चल रहे प्रोजेक्ट लाडो के तहत आज तेल मिल वाली गली , छगनपुरा, मथुरा में रहने वाली बेटी का कन्यादान किया गया और बताया की सामाजिक परिवेश में एक-दूसरे की मदद करना हमारी परंपरा में शामिल है। जब इसकी जानकारी मिली तो सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्य तुषार बंसल ने सदस्यों के साथ उस बहन के घर पहुँचकर शुभ विवाह हेतु योगदान में उनके उपयोगी सभी महत्वपूर्ण वस्तुओं में जैसे दावत के लिए राशन का सामान, पायल, बिछिये, मिक्सी, पंखा, 5 बर्तन, स्टील की टंकी, गैस स्टोव, प्रैस, श्रृंगार का सामान, 7 साड़ियां, 2 जोड़ी लड़के के कपड़े, एक बेडशीट, कंबल, ट्राली बैग ,इलेक्ट्रॉनिक केटल, और कुछ गिफ्ट और जरूरत का सामान एवं योगदान के रूप में कुछ रुपये नगद भेंट कर उनकी सहायता की एवं हर संभव मदद करने का आश्वाशन भी दिया। पियूष बंसल जी ने कहा कि कन्यादान करना सबसे बड़ा महादान है। एक जरूरतमंद व्यक्ति की बेटी की शादी करके बहुत बड़ा पुण्य कमाया जाता है।

संस्था के वरिष्ठ सदस्य राजन गुप्ता द्वारा बताया गया कि कन्यादान की सूचना संस्था के पास 2 महीने पूर्व आ जाती है जिसे संस्था के सदस्य द्वारा सुनिश्चित करने के बाद सभी के सहयोग से लाडो का कन्यादान किया जाता है, अंत में दिशा इंस्टिट्यूट की डायरेक्टर शिखा बंसल ने बहन के अच्छे भविष्य की कामना करते हुए सभी सदस्यों एवं सहयोग कताओं की तरफ से हार्दिक शुभकामनायें दी। आज के इस शुभ कार्यक्रम में बहुत लोगों का सहयोग।

## जनपद न्यायालय में 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन



**फिरोजाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को जनपद न्यायालय के केन्द्रीय सभागार में राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 08-03-2025 को व्यापक रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से प्रेस वार्ता आयोजित की गयी।जिसमे राजीव सिंह नोडल अधिकारी अपर जनपद न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट फिरोजाबाद द्वारा बताया गया कि दिनांक 08-03-2025 को आयोजित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रशासन द्वारा अब तक राजस्व के 38260 वाद अन्य विभागों द्वारा 65445 वाद चिन्हित किये गये हैं तथा बैंक ऋण सम्बन्धी 39813 वाद निस्तारण हेतु चिन्हित किये गये हैं। टेलीफोन के बकाया मामलों में बीएसएनएल द्वारा 1618 वाद चिन्हित किये गये हैं, पक्षकारों को नोटिस प्रेषित किये गये हैं, पक्षकार बिल को अदा कर राष्ट्रीय लोक अदालत में अनुमन्य छूट का लाभ उठा सकते हैं, ऐसे ही विद्युत सम्बन्धी वादों में 554 वाद चिन्हित किये गये हैं, पक्षकार जिनके विद्युत चोरी सम्बन्धी वाद विचाराधीन हैं वे इस लोक अदालत में विद्युत बिल का भुगतान कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में अब तक 21882 वाद निस्तारण हेतु चिन्हित किये गये हैं। मोटर दुर्घटना प्रतिकर दावा अधिकरण द्वारा 72 वाद निस्तारण हेतु चिन्हित किये गये हैं जिसमें पक्षकारान एवं समस्त बीमा कम्पनियों के मध्य वार्ता हेतु प्रीट्रायल बैठकें आयोजित की गयी हैं। परिवार न्यायालयों के वैवाहिक वादों में कुल 200 वाद निस्तारण हेतु चिन्हित किये गये हैं। इसी क्रम में कई प्रीट्रायल बैठकें आयोजित की गयी हैं। पेटी आफेंस के वादों हेतु आयोजित विशेष लोक अदालत दिनांक 05-03-2025, 06-03-2025 व 07-03- 2025 को तथा आबीर्टेशन वादों हेतु आयोजित विशेष लोक अदालत दिनांक 08-03-2025 को भी आयोजित की जा रही है।पीयूष सिद्धार्थ अपर जनपद न्यायाधीश सचिव द्वारा यह अवगत कराया गया कि बैंक के ऋण सम्बन्धी लगभग 36522 वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हित किया गया है। बैंक ऋण सम्बन्धी वादों के निस्तारण हेतु जनपद न्यायालय के प्रांगण में विभिन्न बैंकों के स्टाल लगेंगे, जिसमें वादकारी अपने ऋण सम्बन्धी वादों को समझौते के आधार पर तत्काल समाप्त करा सकते हैं। इसी प्रकार ट्रैफिक चालान एवं परिवहन विभाग से सम्बन्धित चालान के निस्तारण हेतु आने वाले जनमानस की भीड को देखते हुए जनपद न्यायालय पर ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग से सम्बन्धित स्टालों की स्थापना की जाएगी। जहाँ पर ट्रैफिक पुलिस की ओर से एवं परिवहन विभाग की ओर से कम्प्यूटर सिस्टम लगाया जायेगा जिससे वादकारियों जनमानस को परेशानी का सामना न करना पडे। मोटर दुर्घटना प्रतिकर दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी के समक्ष भी मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों का निस्तारण होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 08-03-2025 के सम्बन्ध में वादकारियों के हित में चर्चा की गयी तथा वादकारियों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए सचिव द्वारा इस बात की जानकारी दी गयी कि न्यायालय में स्थापित सहायता केन्द्र दिनांक 08-03-2025 दिन शनिवार को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत तक प्रत्येक कार्य दिवस पर लोगों की सहायता हेतु कार्य करती रहेगी। दिनांक 08-03-2025 दिन शनिवार को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व, सिविल एवं दाण्डिक प्रकृति के वादों का निस्तारण किया जायेगा जिनमें मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद चेक बाउंस वाद, उत्तराधिकार वैवाहिक वाद, श्रम, राजस्व, स्टाम्प चकबंदी बैंक व मोबाइल कम्पनी के बकाया बिल, विद्युत चोरी वाद, बांट माप, घरेलू हिंसा, भरण पोषण व अन्य लघु फौजदारी वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौतों के आधार पर किया जायेगा।

## लोकसभा अध्यक्ष ने प्रशासनिक भवन का किया लोकार्पण



**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने राजनैतिक के साथ गरीब के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया, उन्होंने शिक्षा-चिकित्सा जैसा महत्वपूर्ण काम किया है। देशभर के विश्वविद्यालय में गया हूं लेकिन मुझे पहला केएम विवि मिला जहां हमारी बेटियां को निःशुल्क शिक्षा, संस्कार प्राप्त हो रहा है। ये बेटियां देश और दुनिया में विस्तार करेंगी। राष्ट्र निर्माण, समाज में परिवर्तन लाने में अहम भूमिका निभाएंगी। सामाजिक बदलाव से राष्ट्र बदलेगा। यह बात आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने केएम विविके प्रशासनिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में कही।

लोकार्पण कार्यक्रम में केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, विवि के वाइस चांसलर ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार जताया एवं अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज शाम गोवर्धन से होते हुए केएम विवि पहुंचे, यहां उन्होंने विवि के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उनका विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, वाइस चांसलर डा. एनसी प्रजापति, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, जिपंअध्यक्ष के सुपुत्र पार्थ चौधरी, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, उपकुलसचिव सुनील अग्रवाल ने फूलमाला पहनाकर व बुग्गे देकर जोरदार स्वागत किया। इस पश्चात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विवि के फैकल्टी व विवि के डींस, प्रोफेसर सहित अन्य के साथ फोटो खींचवाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान स्वागत करने वालों में नगर पंचायत सौंख पूर्व चेयरमैन भारत सिंह, पाली डूंगरा ग्राम प्रधान कुंवर महीपाल, नीरज शर्मा, मनोज ओझा, एडमीशन डायरेक्टर प्रमोद कुंतल, डींस डा. धर्मराज, अजय तौमर, आरके शर्मा, डा. मनी, डा. नवसंगीत, प्रतीक, रणवीर, डा. दिवाकर, संजू वाला, अनिल चतुवेर्दी, प्रीति बोरपाल, पूजा चैधरी, रानी पालीवाल, दिव्या, शिवानी, शीतल, रेखा, भावना, समीक्षा, आकांक्षा, अभिष्का, समस्त संकायों के प्रोफेसर, डींस आदि सहित हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं व स्टाफ मौजूद रहा।

## टेंपो में बस ने मारी टक्कर दो की मौत, 3 घायल

**मथुरा।** मथुरा भरतपुर मार्ग पर पारसी के निकट बस की टक्कर से टैंपो सवार दो लोगों की मौत हो गई। और चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। इन्हें उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाइवे थाना क्षेत्र अन्तर्गत भरतपुर मार्ग स्थित पारसी चौराहे पर रात्रि लगभग दस बजे भरतपुर से मथरा की ओर आते टेंपो में सामने से प्राइवेट बस ने जोरदार से टक्कर मारी जिससे टैंपो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। उसमें सवार लोगों के चीखपुकार सुनआसपास के दुकानदार और ग्रामीण एकत्रित हो गए। घायलों के सड़क पर पड़े होने के कारण लगभग एक घंटे तक मथुरा-भरतपुर मार्ग आवागमन के लिए बाधित रहा। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने श्यामवीर सिंहपुत्र राम निवास निवासी नावली, नौहझील, परमानंद पुत्र जय प्रकाश निवासी बलदेव को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में टेंपो चालक रवि निवासी जघीना भरतपुर या दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। वहीं दूसरा मृतक परमानंद साड़ी फैक्ट्री में कार्यरत था और खाटू श्याम के दर्शन के उपरांत टैंपो से मथुरा लौट रहा था।

### मुठभेड़ में दबोचे दो शातिर

**मथुरा।** छाता पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्यवाही में पुलिस मुठभेड़ से अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर 2 बदमाश गिरफ्तार हुए है। इनके कब्जे से भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण, अवैध शस्त्रों का अर्धनिर्मित सामान बरामद किये गये। एसएसपी शैलेश पांड़े ने बताया कि छाता पुलिस और एसओजी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना दद्दीगढी से पहले निमार्णाधीन कालौनी नाला के किनारे बने अर्धनिर्मित मकान के पास से कुछ व्यक्ति अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चला रहे हैं। जिस पर छापामारी करते हुये बदमाश रोहित पुत्र हाकिम सिंह निवासी नगला लोका थाना महावन, हेमन्त पुत्र विजेन्द्र सिंह निवासी दीपपुरम कालौनी औरंगावाद थाना सदर बाजार पैर में गोली लगने से घायल कर गिरफ्तार किये गये।

## डीएम की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता में एवं एसएसपी सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, डीएम ने उपस्थित सभी धर्म गुरुओं एवं विभिन्न समुदाय के लोगों से अपील की कि आगामी होली एवं रमजान के पवित्र त्यौहार के दौरान सभी धर्म के लोग शांति एवं सौहार्द वातावरण में मनाए, इस बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई डीएम ने कहा कि कोई ऐसा कार्य न करें, जिसमें प्रशासन को सख्ती दिखानी पड़े। डीएम ने स्पष्ट किया कि त्योहारों को मनाने में किसी प्रकार की नई परंपरा को शुरू करने की अनुमति नहीं होगी, साथ ही सोशल मीडिया पर कोई ऐसी पोस्ट न डाली जाए, जिससे माहौल खराब हो, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने भी कहा कि किसी भी हालत में जिले की कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा। डीएम ने सभी धर्म गुरुओं से उनके विचार लिए सभी धर्म गुरुओं ने जिलाधिकारी से अपील की कि त्योहारों के दौरान बिजली, पानी, सड़क मार्ग इत्यादि दुरुस्त रहें, जिससे उनकी खुशियों में कोई विघ्न व बाधा न पड़े, उपस्थित सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि सभी प्रशासनिक व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई है, होलिका दहन हेतु स्थान का चयन कर लिया गया है, साथ ही जो भी विवादित स्थान थे, उनका समाधान भी कर लिया गया है। डीएम ने सभी धर्म गुरुओं से कहां की माहौल खराब करने वालों से सतर्क रहना है, तथा कहीं कोई घटना संज्ञान में आती है, तो उसे तत्काल संबंधित थाना को सूचित करें, जिससे उसका तत्काल समाधान हो जाए, डीएम ने नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अधिकारियों को निर्देश दिए की वह अपने-अपने नगरों की गलियों, सड़कों की साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# जुमा अलविदा व ईद को लेकर डीएम-एसएसपी ने की समीक्षा



**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह तथा एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने रमजान माह के विभिन्न पर्वों (जुमा अलविदा एवं ईद-उल-फितर) की व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों तथा कमेटी के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

डीएम ने कहा कि आगामी त्यौहार जुमा अलविदा एवं ईद-उल-फितर पर सभी संबंधित विभाग अपनी तैयारी समय से पूर्ण कर लें। इसके साथ ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी आपसी समन्वय करते हुए पूरी सतर्कता बरतते हुए त्योहार को पूर्ण शांति और सौहार्द के साथ संपन्न कराना सुनिश्चित करें। सभी क्षेत्राधिकारी त्यौहार रजिस्टरों का अवलोकन करे तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करे। डीएम ने नगर निगम और निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जलापूर्ति के साथ ही सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखें। नगर निगम की निर्देश दिए कि खराब स्ट्रीट लाइटों को सही कराए। लोक निर्माण विभाग को टूटी सड़कों को समय से दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों को पर्वों के दृष्टिगत नियमित चेकिंग करने के निर्देश दिए। सीएफओ को निर्देश दिए कि अग्नि से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिये। इसके साथ ही निगम अधिकारियों को आदेश दिए कि वह चिन्हित स्थानों पर कूड़ा दान लगा दें। इसके साथ ही ईदगाहों के पास बंद नालियों को खोलने व सिल्ट सफाई की व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त करें। डीएम ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि वह मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में दोनों वर्गों के लोगों के साथ बैठक कर शांति और सौहार्द कायम रखने की अपील करें। सीएमओ सुनिश्चित करें कि ईदगाहों के पास एंबुलेंस व चिकित्सा टीम की भी व्यवस्था रहे। पुलिस उपमहानिरीक्षक एसएसपी शैलेश कुमार कुमार पांडेय ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह जनपद के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करे, जहां पर पूर्व में घटनाएं घटित हुई हैं, वहां पर विशेष व्यवस्था करें। सभी एसडीएम एवं क्षेत्राधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में पीस कमिटी की बैठक करे। त्यौहार के दृष्टिगत स्वास्थ्य, सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाएं दुरुस्त करे। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों तथा अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की निगरानी रहेंगी तथा सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। सौहार्द से पर्वों को संपन्न कराना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में एडीएम वित्त व राजस्व योगानंद पांडेय, एडीएम प्रशासन विजय शंकर दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, एसपी ग्रामीण त्रिगुन विसेन, एसपी नगर डॉ अरविंद कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम मांट अभिनव जे जैन, एसडीएम महावन आदेश कुमार, एसडीएम छाता श्वेता तथा कमेटी की पदाधिकारी मौजूद रहे।

